# NewsRoom

| Date | Headline | Publication | Edition | Page | Source |
|---|---|---|---|---|---|
| Dec 23, 2023 | दिल्ली बैंक नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 59वीं छमाही बैठक | Divya Rashtra | Jaipur | 3 | Bureau |

# दिल्ली बैंक नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 59वीं छमाही बैठक



दिव्य राष्ट्र

नई दिल्ली। पंजाब नैशनल बैंक, सार्वजनिक क्षेत्र में देश के अग्रणी बैंकों में से एक, गुड़गांव स्थित परिसर के सभागार में कुमार पाल शर्मा, उप निदेशक (कार्यान्वयन), केंद्रीय गृह मंत्रालय, उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय-क(दिल्ली) के मुख्य आतिथ्य में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता समीर बाजपेयी, मुख्य महाप्रबन्धक तथा अध्यक्ष-दिल्ली बैंक नराकास एवं अंचल प्रमुख (दिल्ली), पंजाब नैशनल बैंक ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेश श्रीवास्तव, उप निदेशक (नीति) राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने उपस्थित होकर बैठक को गरिमा प्रदान की। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक रोहित पी. दास सहित दिल्ली बैंक नराकास के सदस्य बैंकों/बीमा कंपनियों/वित्तीय संस्थानों के स्थानीय कार्यालय अध्यक्ष व राजभाषा प्रभारी भी उपस्थित थे।

| Date | Headline | Publication | Edition | Page | Source |
|---|---|---|---|---|---|
| Dec 24, 2023 | दिल्ली बैंक नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 59वीं छमाही बैठक | Business Remedies | Jaipur | 6 | Bureau |

# दिल्ली बैंक नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 59वीं छमाही बैठक व संगोष्ठी आयोजित

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली**




पंजाब नैशनल बैंक, सार्वजनिक क्षेत्र में देश के अग्रणी बैंकों में से एक, गुड़गांव स्थित परिसर के सभागार में कुमार पाल शर्मा, उप निदेशक (कार्यान्वयन), भारत सरकार, गृह मंत्रालय, उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय-द्व (दिल्ली) के मुख्य आतिथ्य में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता समीर बाजपेयी, मुख्य महाप्रबन्धक तथा अध्यक्ष-दिल्ली बैंक नराकास एवं अंचल प्रमुख (दिल्ली), पंजाब नैशनल बैंक ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेश श्रीवास्तव, उप निदेशक (नीति) राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने उपस्थित होकर बैठक को गरिमा प्रदान की। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक रोहित पी. दास सहित दिल्ली बैंक नराकास के सदस्य बैंकों/बीमा कंपनियों/वित्तीय संस्थानों के स्थानीय कार्यालय अध्यक्ष व राजभाषा प्रभारी भी उपस्थित थे।

बैठक की शुरूआत श्रीमती मनीषा शर्मा, सदस्य-सचिव, दिल्ली बैंक नराकास एवं सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा), पंजाब नैशनल बैंक के स्वागत संबोधन से हुई। बैठक में सदस्य-सचिव महोदया ने दिल्ली बैंक नराकास की गतिविधियों एवं नवोन्मेषी कार्यों से सभी को अवगत करवाया एवं राजभाषा के उत्थान के लिए सभी से निरंतर प्रयास करने हेतु अनुरोध किया। बैठक के दौरान दिल्ली बैंक नराकास की गृह पत्रिका बैंक भारती के 30वें अंक का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर राजेश श्रीवास्तव, उप निदेशक (नीति) राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने अपने सम्बोधन में कहा कि राजभाषा हिंदी के प्रचार प्रसार में बैंक, बीमा कम्पनियां एवं वित्तीय संस्थाएं उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। दिल्ली बैंक नराकास इस दिशा में सराहनीय कार्य कर रही है। राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाने के लिए हमें तकनीकी ज्ञान पर ध्यान देना होगा और प्रत्येक स्टाफ को कंठस्थ जैसे हिंदी के ई-टूल को अधिक से अधिक प्रयोग में लाना होगा। कुमार पाल शर्मा, उप निदेशक (कार्यान्वयन), भारत सरकार, गृह मंत्रालय, उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय-द्व (दिल्ली) ने कहा कि सबके साथ, सबके प्रयास और सबके विश्वास से ही राजभाषा के प्रचार प्रसार में उत्तरोत्तर वृद्धि सुनिश्चित होगी। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन हेतु विजेता कार्यालयों को पुरस्कृत किया गया।

साथ ही, वर्ष के दौरान सदस्य कार्यालयों द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं तथा दिल्ली बैंक नराकास की पत्रिका 'बैंक भारती' में प्रकाशित श्रेष्ठ रचनाओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया।

समीर बाजपेयी, मुख्य महाप्रबंधक एवं अध्यक्ष-दिल्ली बैंक नराकास ने कहा कि सभी कार्यालय हिंदी कार्यान्वयन में नवोन्मेष को एक मिशन के रूप में लें तथा इसे अपने अन्य साथी सदस्य कार्यालयों से भी साझा करें। बाजपेयी ने उन्होंने सभी सदस्य कार्यालयों से अनुरोध किया कि वे राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक विकास के लिए हरसंभव प्रयास करें ताकि दिल्ली बैंक नराकास, सर्वश्रेष?ठ नराकासों में अपना प्रथम स्थान बनाए रख सके। समग्र कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन विष्णुकांत शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक, पंजाब नैशनल बैंक द्वारा किया गया। अंत में शकील मोहम्मद सरताज, मुख्य प्रबन्धक-राजभाषा, बैंक ऑफ इंडिया द्वारा दिए गए धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही बैठक सम्पन्न हुई।

| Date | Headline | Publication | Edition | Page | Source |
|---|---|---|---|---|---|
| Dec 22, 2023 | दिल्ली बैंक नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 59वीं छमाही बैठक एवं संगोष्ठी का आयोजित | Cherish Times | Read | NA | Bureau |

# दिल्ली बैंक नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 59वीं छमाही बैठक एवं संगोष्ठी का आयोजन




लखनऊ : पंजाब नैशनल बैंक, सार्वजनिक क्षेत्र में देश के अग्रणी बैंकों में से एक, गुड़गांव स्थित परिसर के सभागार में श्री कुमार पाल शर्मा, उप निदेशक (कार्यान्वयन), भारत सरकार, गृह मंत्रालय, उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय-। (दिल्ली) के मुख्य आतिथ्य में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता समीर बाजपेयी, मुख्य महाप्रबन्धक तथा अध्यक्ष-दिल्ली बैंक नराकास एवं अंचल प्रमुख (दिल्ली), पंजाब नैशनल बैंक ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री राजेश श्रीवास्तव, उप निदेशक (नीति) राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने उपस्थित होकर बैठक को गरिमा प्रदान की। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक श्री रोहित पी. दास सहित दिल्ली बैंक नराकास के सदस्य बैंकों/बीमा कंपनियों/वित्तीय संस्थानों के स्थानीय कार्यालय अध्यक्ष व राजभाषा प्रभारी भी उपस्थित थे।

बैठक की शुरुआत मनीषा शर्मा, सदस्य-सचिव, दिल्ली बैंक नराकास एवं सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा), पंजाब नैशनल बैंक के स्वागत संबोधन से हुई। बैठक में सदस्य-सचिव महोदया ने दिल्ली बैंक नराकास की गतिविधियों एवं नवोन्मेषी कार्यों से सभी को अवगत करवाया एवं राजभाषा के उत्थान के लिए सभी से निरंतर प्रयास करने हेतु अनुरोध किया। बैठक के दौरान दिल्ली बैंक नराकास की गृह पत्रिका "बैंक भारती" के 30वें अंक का विमोचन भी किया गया।

इस अवसर पर राजेश श्रीवास्तव, उप निदेशक (नीति) राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने अपने सम्बोधन में कहा कि राजभाषा हिंदी के प्रचार प्रसार में बैंक, बीमा कम्पनियां एवं वित्तीय संस्थाएं उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। दिल्ली बैंक नराकास इस दिशा में सराहनीय कार्य कर रही है। राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाने के लिए हमें तकनीकी ज्ञान पर ध्यान देना होगा और प्रत्येक स्टाफ को कंठस्थ जैसे हिंदी के ई-टूल को अधिक से अधिक प्रयोग में लाना होगा। श्री कुमार पाल शर्मा, उप निदेशक (कार्यान्वयन), भारत सरकार, गृह मंत्रालय, उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय-। (दिल्ली) ने कहा कि सबके साथ, सबके प्रयास और सबके विश्वास से ही राजभाषा के प्रचार प्रसार में उत्तरोत्तर वृद्धि सुनिश्चित होगी।
कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन हेतु विजेता कार्यालयों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही, वर्ष के दौरान सदस्य कार्यालयों द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं तथा दिल्ली बैंक नराकास की पत्रिका 'बैंक भारती' में प्रकाशित श्रेष्ठ रचनाओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया।

समीर बाजपेयी, मुख्य महाप्रबंधक एवं अध्यक्ष-दिल्ली बैंक नराकास ने कहा कि सभी कार्यालय हिंदी कार्यान्वयन में नवोन्मेष को एक मिशन के रूप में लें तथा इसे अपने अन्य साथी सदस्य कार्यालयों से भी साझा करें। श्री बाजपेयी ने उन्होंने सभी सदस्य कार्यालयों से अनुरोध किया कि वे राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक विकास के लिए हरसंभव प्रयास करें ताकि दिल्ली बैंक नराकास, सर्वश्रेष्ठ नराकासों में अपना प्रथम स्थान बनाए रख सके।

NewsRoom

| Date | Headline | Publication | Edition | Page | Source |
|---|---|---|---|---|---|
| Dec 22, 2023 | दिल्ली बैंक नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 59वीं छमाही बैठक एवं संगोष्ठी का आयोजित | Anytime News | Read | NA | Bureau |




# दिल्ली बैंक नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 59वीं छमाही बैठक एवं संगोष्ठी

पंजाब नैशनल बैंक, सार्वजनिक क्षेत्र में देश के अग्रणी बैंकों में से एक, गुड़गांव स्थित परिसर के सभागार में श्री कुमार पाल शर्मा, उप निदेशक (कार्यान्वयन), भारत सरकार, गृह मंत्रालय, उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय-I (दिल्ली) के मुख्य आतिथ्य में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता समीर बाजपेयी, मुख्य महाप्रबन्धक तथा अध्यक्ष-दिल्ली बैंक नराकास एवं अंचल प्रमुख (दिल्ली), पंजाब नैशनल बैंक ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेश श्रीवास्तव, उप निदेशक (नीति) राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने उपस्थित होकर बैठक को गरिमा प्रदान की। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक श्री रोहित पी. दास सहित दिल्ली बैंक नराकास के सदस्य बैंकों/बीमा कंपनियों/वित्तीय संस्थानों के स्थानीय कार्यालय अध्यक्ष व राजभाषा प्रभारी भी उपस्थित थे।

बैठक की शुरुआत मनीषा शर्मा, सदस्य-सचिव, दिल्ली बैंक नराकास एवं सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा), पंजाब नैशनल बैंक के स्वागत संबोधन से हुई। बैठक में सदस्य-सचिव महोदया ने दिल्ली बैंक नराकास की गतिविधियों एवं नवोन्मेषी कार्यों से सभी को अवगत करवाया एवं राजभाषा के उत्थान के लिए सभी से निरंतर प्रयास करने हेतु अनुरोध किया। बैठक के दौरान दिल्ली बैंक नराकास की गृह पत्रिका "बैंक भारती" के 30वें अंक का विमोचन भी किया गया।

इस अवसर पर राजेश श्रीवास्तव, उप निदेशक (नीति) राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने अपने सम्बोधन में कहा कि राजभाषा हिंदी के प्रचार प्रसार में बैंक, बीमा कम्पनियां एवं वित्तीय संस्थाएं उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। दिल्ली बैंक नराकास इस दिशा में सराहनीय कार्य कर रही है। राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाने के लिए हमें तकनीकी ज्ञान पर ध्यान देना होगा और प्रत्येक स्टाफ को कंठस्थ जैसे हिंदी के ई-टूल को अधिक से अधिक प्रयोग में लाना होगा। पाल शर्मा, उप निदेशक (कार्यान्वयन), भारत सरकार, गृह मंत्रालय, उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय-I (दिल्ली) ने कहा कि सबके साथ, सबके प्रयास और सबके विश्वास से ही राजभाषा के प्रचार प्रसार में उत्तरोत्तर वृद्धि सुनिश्चित होगी।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन हेतु विजेता कार्यालयों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही, वर्ष के दौरान सदस्य कार्यालयों द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं तथा दिल्ली बैंक नराकास की पत्रिका 'बैंक भारती' में प्रकाशित श्रेष्ठ रचनाओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया।